पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
कोनी –बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाष क्रमांक : (07752) 210312 फैक्स : (07752) 213073
www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in

क्र. 302/शिक्षा/2021 बिलासपुर, दिनांक 30/11/2021

डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में सीधी भर्ती एवं प्रवेश हेतु सूचना

डी.एल.एड. प्रवेश सत्र 2021–22 हेतु द्वितीय कॉउंसलिग होने पश्चात् विश्वविद्यालय में निर्धारित सीट पर रिक्त होने की स्थिति में स्थान भरने तक योग्य अभ्यार्थियों हेतु सीधी भर्ती प्रवेश (**Open Counselling**) के लिए दिनांक 01/12/2021 से सीट उपलब्ध रहने तक अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश की अंतिम तिथि तक आमंत्रित किया जाएगा। इस हेतु निम्नानुसार प्रति दिवस कॉउंसलिंग की प्रक्रिया की जावेगी।

नोटः प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया विश्वविद्यालय मुख्यालय बिलासपुर में की जावेगी।

1. कॉउंसलिंग स्थल पर प्रतिदिवस उपलब्ध अभ्यार्थियों में पूर्व में जिन अभ्यार्थियों ने प्रवेश हेतु आवेदन किया था एवं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे उन्हें प्रवेश हेतु उनके मेरिट क्रम अनुसार पहले अवसर प्रदान किया जाएगा।
2. ऐसे अभ्यार्थी जो प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए हैं किन्तु प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किये थे उन्हें उक्त तिथि में बिंदु क्र 1 में उल्लेखित अभ्यार्थियों के पश्चात् प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जावेगा।
3. ऐसे अभ्यार्थी जिन्होंने प्री.डी.एल.एड. परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय में आवेदन नहीं किया है एवं उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु चाही गई आहर्ताओं को धारित करता हो तथा प्रवेश के इच्छुक हों उन्हें बिन्दु क्र 1 और 2 के अभ्यार्थियों के पश्चात् प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जावेगा।

उपरोक्त बिन्दु क्र 1, 2 और 3 के अनुसार कॉउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रतिदिन कॉउंसलिंग स्थल में उपलब्ध अभ्यार्थियों के लिए लागू होगी।

4. अभ्यार्थी जो प्रवेश के इच्छुक हो वो अपनी आहर्ता से संबंधित समस्त दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों जो कि विश्वविद्यालय के अधिसूचना क्र 133 में दी गई है उसके अनुरूप छाया प्रति एवं मूल प्रति लेकर विश्वविद्यालय कॉउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होवें।

5. उपरोक्त बिन्दुओं के अनुसार कॉउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया प्रतिदिवस कॉउंसलिंग स्थल पर उपस्थित अभ्यार्थियों के लिए लागू होगा।

6. अभ्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अध्ययन केन्द्र चयन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अध्ययन केन्द्रों में रिक्तता के अनुसार ही अध्ययन केन्द्र चयन करने का अवसर प्रदान किया जावेगा।

7. अभ्यार्थियों के विश्वविद्यालय द्वारा चाही गई प्रवेश हेतु संपूर्ण दस्तावेजों के परीक्षण एवं सत्यापन के पश्चात् ही उनके द्वारा चयनित अध्ययन केन्द्र में प्रवेश दिया जावेगा।

8. प्रवेश एवं कॉउंसलिंग प्रक्रिया तभी पूर्ण होगी जब विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यार्थी को अध्ययन केन्द्र आबंटन किया जावेगा तथा अभ्यार्थी द्वारा प्रवेश शुल्क की राशि बैंक में चालान के माध्यम से जमा कर उसकी चालान पावती कॉउंसलिंग स्थल पर जमा किये जाने पर ही पूर्ण होगी।

9. ऐसे अभ्यार्थी जो विश्वविद्यालय द्वारा जारी डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन नहीं किये थे तथा वर्तमान में जो कॉउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होकर प्रवेश लेना चाहते हैं उन्हें 1000 रू. का चालान प्रवेश शुल्क की चालान के अतिरिक्त बनवाना होगा।

कॉउंसलिंग स्थल : सीधी भर्ती एवं प्रवेश हेतु कॉउंसलिंग दिनांक 01/12/2021 से प्रति कार्यालयीन तथा बैंक कार्यालयीन दिवस पर विश्वविद्यालय मूख्यालय सिहावा भवन पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीयगढ़, बिलासपुर में ही आयोजित होगी। कॉउंसलिंग हेतु निर्धारित समय : सुबह 11:00 से शाम 4:30 तक।

नोट :

1. कार्यालयीन अवकाश एवं बैंक अवकाश दिवसों पर कॉउन्सलिंग प्रक्रिया स्थगित रहेगी।
2. विश्वविद्यालय के अतिरिक्त किसी भी अन्य अध्ययन केन्द्रों में सीधी भर्ती हेतु कॉउन्सलिंग की प्रक्रिया नहीं होगी।

आदेशानुसार

विभागाध्यक्ष
शिक्षा विभाग
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
छत्तीसगढ, बिलासपुर (छ.ग.)